<u>समाचार</u>

# नगर निगम व पशु चिकित्सा विभाग टीम के द्वारा स्ट्रीट डॉग का किया जा रहा वैक्सीनेशन

## (आज महाराणा प्रताप नगर में आयोजित हुआ शिविर, किया गया स्ट्रीट एवं पालतू डॉग का वैक्सीनेशन)

## (अब तक निगम क्षेत्र में 315 डॉग्स का वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण किया गया)




कोरबा 24 दिसम्बर 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा एवं पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा आवारा कुत्तो (स्ट्रीट डॉग्स) के वैक्सीनेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज निगम क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर में शिविर लगाया गया तथा 22 स्ट्रीट डॉग व पालतू डॉग के वैक्सीनेशन का कार्य सम्पन्न कराया गया, साथ ही पालतू कुत्तों को वर्मी दवा भी दी गई। वहीं अब तक 315 कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, इसके साथ ही पालतू कुत्तों के स्वामियों से अपील की गई है कि वे अपने डॉग्स का निःशुल्क वैक्सीनेशन पशु चिकित्सालय में डॉग्स को ले जाकर करवा सकते है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में आवारा कुत्तों (स्ट्रीट डॉग्स) के वैक्सीनेशन व अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए जाने की दिशा में नगर निगम कोरबा द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम व उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग की टीम के द्वारा आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर यह कार्यवाही की जा रही है, वहीं आज कोरबा के महाराणा प्रताप नगर में शिविर लगाया गया तथा शिविर में स्ट्रीट डॉग व पालतू डॉग के वैक्सीनेशन कार्य सम्पन्न कराया गया, इसके साथ ही अब तक 315 स्ट्रीट डॉग्स का

टीकाकरण किया जा चुका है। डॉ.तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग की फीडिंग हेतु 67 स्थान चिन्हाकित किए गए हैं तथा इन फीडिंग स्थलों पर बोर्ड लगाने का कार्य अंतिम चरण में है, वहीं एक वाहन के साथ केचिग टीम का गठन भी स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने व नियंत्रण हेतु किया गया है।

**स्ट्रीट डॉग को गोद लें सकते हैं पशु प्रेमी**— स्ट्रीट डॉग को गोद लेकर उनका पालन पोषण करने के इच्छुक पशुप्रेमी उन्हें गोद लेने के लिए आगे आ सकते हैं, जो पशुप्रेमी स्ट्रीट डॉग को गोद लेने की इच्छा रखते है, वे इस संबंध में अपने आवेदन निगम में प्रस्तुत कर सकते हैं। निगम इसमें आवश्यक कार्यवाही करते हुए पशुप्रेमियों को अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगा।